NCERT SOLUTIONS

CLASS - 10th

aglasem.com

Class : 10th
Subject : हिंदी
Chapter : 9
Chapter Name : संगतकार

Q1 संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है?
Answer.
संगतकार के माध्यम से कवि कलाकारों की सफलता में पर्दे के पीछे रहकर अपना योगदान देने वाले व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है। यह लोग सफलता की श्रेय से वंचित रह जाते हैं।

Page :- 55 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q2 संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन-किन क्षेत्रों में दिखाई देते हैं?
Answer.
संगतकार जैसे व्यक्ति बहुत से क्षेत्रों में दिखाई देते हैं:-
सिनेमा के क्षेत्र में- स्टंट मैन, डुप्लीकेट आर्टिस्ट, सहनर्तक, सह कलाकार
भवन निर्माण- मजदूर
खेल में- टीम, मैनेजमेंट,कोच

Page :- 55 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q3 संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते हैं?
Answer.
संगतकार निम्नलिखित रूपों में मुख्य गायक गायिकाओं की मदद करते हैं:-जब मुख्य गायक लय से भटक जाते हैं तो संगतकार उनके लय के भटक को संभालते हैं।गायन के समय जब मुख्य गायक का स्वर धीमा होता है तो संगतकार उसमें अपना स्वर मिलाते हैं।संगतकार मुख्य गायक के गाने में कोई बाधा नहीं डालते।संगतकार मुख्य गायक को अकेला महसूस नहीं होने देते।

Page :- 55 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q4 भाव स्पष्ट कीजिए -
और उसकी आवाज़ में जो एक हिचक साफ़ सुनाई देती है
या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है
उसे विफलता नहीं
उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए।
Answer.
प्रस्तुत पंक्तियों में कवि मंगलेश ने मुख्य गायक के साथ सहायक गायक की भूमिका के महत्व का वर्णन किया है। संगतकार जान-बूझकर अपने स्वर को मुख्य गायक के स्वर से ऊंचा नहीं होने देते। यह

aglasem.com

संगतकार द्वारा किया गया त्याग है जो उसे सफलता से वंचित किए हुए हैं। यह उसकी मानवता का प्रमाण है।

Page :- 55 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q5 किसी भी क्षेत्र में प्रसिद्धि पाने वाले लोगों को अनेक लोग तरह-तरह से अपना योगदान देते हैं। कोई एक उदाहरण देकर इस कथन पर अपने विचार लिखिए।
Answer .
किसी भी क्षेत्र में प्रसिद्धि पाने वाले लोगों की सफलता में अनेक लोगों का योगदान होता है जो पर्दे के पीछे रह जाते हैं और उनका उनके काम का श्रेय नहीं मिल पाता। जैसे:- जब एक अभिनेता को प्रसिद्धि प्राप्त होती है तो उसमें निर्देशक,निर्माता, सह कलाकार, गीतकार, नृत्यकार, आदि लोगों का सहयोग होता है।

Page :- 55 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q6 कभी-कभी तारसप्तक की ऊँचाई पर पहुँचकर मुख्यगायक का स्वर बिखरता नज़र आता है उस समय संगतकार उसे बिखरने से बचा लेता है। इस कथन के आलोक में संगतकार की विशेष भूमिका को स्पष्ट कीजिए।
Answer.
तारसप्तक में गायन करते समय मुख्य गायक का स्वर्ग बहुत ऊंचाई तक पहुंच जाता है जिससे उसके स्वर बिखरने लगते हैं। उस वक्त संगतकार मुख्य गायक के स्वर में स्वर मिलाकर उसे सहारा देता है तथा उसके स्वर को बिखरने से पहले ही संभाल लेता है और मुख्य गाय की सफलता विफलता में परिवर्तित नहीं होती।

Page :- 55 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q7 सफलता के चरम शिखर पर पहुँचने के दौरान यदि व्यक्ति लड़खड़ाता है तब उसे सहयोगी किस तरह सँभालते हैं?
Answer.
सफलता के चरम शिखर पर पहुंचने के दौरान यदि व्यक्ति लड़खडाता है तब उसके सहयोगी उसे साहस, हौसला बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं उसकी हर प्रकार से सहायता करते हैं तथा वापस उसे चरम शिखर पर पहुंचाने के लिए मदद करते हैं।

Page :- 55 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q8 कल्पना कीजिए कि आपको किसी संगीत या नृत्य समारोह का कार्यक्रम प्रस्तुत करना है लेकिन आपके सहयोगी कलाकार किसी कारणवश नहीं पहुँच पाएँ –
(क) ऐसे में अपनी स्थिति का वर्णन कीजिए।
(ख) ऐसी परिस्थिति का आप कैसे सामना करेंगे?

aglasem.com

Answer.
(क)संगीत या नृत्य कार्यक्रम में सहयोगी कलाकार के ना होने से काफी परेशानी होगी। मन निराश हो जाएगा, आत्मविश्वास कम हो जाएगा।
(ख)ऐसी परिस्थिति का सामना करने के लिए मैं सहयोगी कलाकार के ना आने का कारण पता करूंगा तथा उसे बुलाने का प्रयास। यदि वह नहीं आ सकता तो आयोजक से दूसरे सहयोगी कलाकार की व्यवस्था करने के लिए कहूंगा।

Page :- 55 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q9 आपके विद्यालय में मनाए जाने वाले सांस्कृतिक समारोह में मंच के पीछे काम करने वाले सहयोगियों की भूमिका पर एक अनुच्छेद लिखिए।
Answer.
छात्र स्वयं करें।

Page :- 56 Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q10 किसी क्षेत्र में संगतकार की पंक्ति वाले लोग प्रतिभावन होते हुए भी मुख्य या शीर्ष स्थान पर क्यों नहीं पहुंच पाते होंगे?
Answer.
किसी क्षेत्र में संगतकार की पंक्ति वाले लोग प्रतिभावन होते हुए भी मुख्य या शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाते होंगे क्योंकि:-वह आत्मविश्वास करके आगे नहीं बढ़ते।वह घबरा जाते हैं।आर्थिक समस्याएं उनके मार्ग में बाधक बनी रहती हैं।कुछ लोगों को उचित अवसर एवं सहयोग नहीं मिल पाता है।

Page :- 56 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

aglasem.com